उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए हैदराबाद में फार्मा कॉन्क्लेव आयोजित होगा

लखनऊ, 17 जनवरी, 2024: उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवा एवं फार्मास्युटिकल क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए बल्क ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईडीएमए)-टीएस और एपी (आंध्र प्रदेश) चैप्टर के सहयोग से 18 जनवरी, 2024 को **हैदराबाद में एक फार्मा कॉन्क्लेव** का आयोजन कर रही है।

इस सम्मेलन में उद्योग-अनुकूल नीतियों और उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 तथा **फार्मास्यूटिकल एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग औद्योगिक नीति 2023** के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रविधानित विभिन्न प्रोत्साहनों के साथ-साथ फार्मास्युटिकल अनुसंधान और विनिर्माण में अवसरों, विशेष रूप से ललितपुर जिले में आगामी फार्मा पार्क और अन्य पार्कों एवं सुविधाओं पर चर्चा होगी।

उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व उसके उच्च पदस्थ अधिकारी**, डॉ. जी.एन. सिंह, माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार; श्री अभिषेक प्रकाश, सचिव-अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)-इन्वेस्ट यूपी तथा श्री मयूर माहेश्वरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), उ.प्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण** द्वारा किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार से अपनी रुचि और अपेक्षाओं को व्यक्त करने के लिए हैदराबाद के कई प्रतिष्ठित फार्मास्युटिकल उद्योगपतियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में प्रमुख औद्योगिक घरानों के शीर्ष अधिकारी, संगठनात्मक निकायों के सदस्य और नियामक अधिकारियों और अन्य फार्मास्युटिकल उद्योग के हितधारकों का प्रतिनिधित्व होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस सेक्टर में प्रभावी निवेश आकर्षित करने में सहायता हेतु दक्षिणी भारत में फार्मा क्षेत्र के उद्योग विशेषज्ञों को ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ललितपुर जिले में एक **बल्क ड्रग पार्क** स्थापित करने जा रही है। राज्य सरकार द्वारा दी जा रही औद्योगिक रियायतें, ब्याज में सब्सिडी, कैपिटल सब्सिडी समेत अन्य प्रोत्साहन लाभ एवं सिंगल विन्डो क्लीयरेंस प्रणाली का प्राविधान होने से राज्य में फार्मा उद्योग स्थापित करने, एकल इकाइयों को विकसित करने तथा इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए अनुकूल माहौल बन रहा है।